No. of Printed Pages/Questions: 3 / 5

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test - I (2023 – 2024)

Class - 10 MM-20

Subject- Hindi Time: 1 Hrs.

Name: ____________ Roll No.:_________

General Instructions: ***All questions are compulsory.***

प्र0 1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए– **(1X4 = 4)**

चरित्र का मूल भी भावों के विशेष प्रकार के संगठन में ही समझना चाहिए। लोकरक्षा और लोकरंजन की सारी व्यवस्था का ढाँचा इन्हीं पर ठहरा है। धर्म–शासन, राज–शासन, मत–शासन सबमें इनसे पूरा काम लिया गया है। इनका सदुपयोग भी हुआ है और दुरूपयोग भी। जिस प्रकार लोक–कल्याण के व्यापक उद्देश्य की सिद्धि के लिए मनुष्य के मनोविकार काम में लाए गए हैं, उसी प्रकार संप्रदाय या संस्था के संकुचित और परिमित विधान की सफलता के लिए भी। सब प्रकार के शासन में चाहे धर्म–शासन हो, चाहे राज–शासन हो, मनुष्य–जाति से भय और लोभ से पूरा काम लिया गया है।

दंड का भय और अनुग्रह का लोभ दिखाते हुए राज–शासन तथा नरक का भय और स्वर्ग का लोभ दिखाते हुए धर्म–शासन और मत–शासन चलते आ रहे हैं। प्रायः इसके द्वारा भय और लोभ का प्रवर्तन सीमा के बाहर भी हुआ है और होता रहता है। जिस प्रकार शासक वर्ग अपनी रक्षा और स्वार्थसिद्धि के लिए भी इनसे काम लेते आए हैं, उसी प्रकार धर्म–प्रवर्तक और आचार्य अपने स्वरूप वैचित्र्य की रक्षा और अपने प्रभाव की प्रतिष्ठा के लिए भी।

शासक वर्ग अपने अन्याय और अत्याचार के विरोध की शांति के लिए भी डराते और ललचाते आए हैं। मत प्रवर्तक अपने द्वेष और संकुचित विचारों के प्रचार के लिए भी कँपाते और डराते आए हैं। एक जाति को मूर्ति–पूजा करते देख दूसरी जाति के मत–प्रवर्तकों ने उसे पापों में गिना है। एक संप्रदाय को भस्म और रुद्राक्ष धारण करते देख दूसरे संप्रदाय के प्रचारकों ने उनके दर्शन तक को पाप माना है।

1 **लोकरंजन की व्यवस्था का ढाँचा किस पर आधारित है ?**

(क) सामाजिक न्याय पर

(ख) मनुष्य के भावों के विशेष प्रकार के संगठन पर

(ग) धर्म व्यवस्था के मत पर

(घ) मनुष्य के समुचित क्रिया कर्म पर

2 **कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

कथन (A) धर्म–प्रवर्तकों ने स्वर्ग–नरक का भय और लोभ क्यों दिखाया है ?

कारण (R) अपने स्वरूप वैचित्र्य की रक्षा करने के लिए।

(क) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(ख) कथन (A) कारण (R) की सही व्याख्या करता है।

(ग) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

3 **शासन व्यवस्था किन कारणों से भय और लालच का सहारा लेती है ?**

(क) अन्याय और अत्याचार के विरोध को रोकने के लिए

(ख) द्वेष और संकुचित विचारों के प्रचार को बनाए रखने के लिए

(ग) उनके द्वारा किए गए अत्याचार के विरुद्ध आवाज़ न उठाने के लिए

(घ) उपर्युक्त सभी

4 **किसी जाति विशेष के किन कार्यों को अन्य जाति अनिष्ट कार्य मानती है ?**

कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए—

(क) मूर्ति पूजा करना

(ख) भस्म या रुद्राक्ष धारण करना

(ग) (क) और (ख) दोनों

(घ) अन्य धर्म का सम्मान करना

कूट

(क) केवल कथन (i) सही है।

(ख) कथन (i), (iii) और (iv) सही हैं।

(ग) कथन (i) और (ii) सही हैं।

(घ) केवल कथन (iv) सही हैं।

प्र0 2 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए— **(1X4 = 4)**

क **'चोट लगने के कारण वह चल नहीं पाया।'— वाक्य को भाववाच्य में बदलिए।**

अ चोट लगने के कारण उसने चल नहीं पाया।

ब चोट लगने के कारण उससे चला नहीं जा सका।

स उसे चोट लगी थी इसलिए चल नहीं पाया।

द चोट लगने की अवस्था में वह चल नहीं पाया।

ख **'पानवाले द्वारा साफ़ बता दिया गया था।'— वाक्य में कौन—सा वाच्य है ?**

अ कर्तृवाच्य   ब कर्मवाच्य

स भाववाच्य   द इसमें कोई वाच्य नहीं है।

ग **'वह गिने—चुने फ्रमों को नेता जी की मूर्ति पर फिट कर देता है।'—कर्मवाच्य में बदलिए।**

अ उसने गिने—चुने फ्रेम नेता जी की मूर्ति पर फिट कर दिए।

ब उसके द्वारा गिने—चुने फ्रेम नेता जी की मूर्ति पर फिट कर दिए जाते हैं।

स नेता जी की मूर्ति पर वह गिने—चुने फ्रेम फिट कर दिया करता था।

द उपर्युक्त में से कोई नहीं।

घ **'राहुल धीरे–धीरे चलता है।'–वाक्य में वाच्य भेद बताइए।**

अ कर्तृवाच्य ब कर्मवाच्य

स भाववाच्य द मिश्रवाच्य

प0 3 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– **(1X2 = 2)**

क गोपियों ने योग रूपी व्याधि किसे देने की सलाह दी है ?

अ जो बीमार हो

ब जो ईश्वर भक्त हो

स जो कृष्ण को ही भगवान माने

द जिसका मन चकरी के समान चंचल हो

ख हालदार साहब ने चीखकर जीप रोकने का आदेश दिया, क्योंकि ?

अ मूर्ति बिना चश्मे की थी।

ब मूर्ति टूट गई थी।

स मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा था।

द उनका पान खाने का मन था

प्र0 4 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **(2X3 = 6)**

क जिस कस्बे में मूर्ति लगवाई जानी थी, उसका संक्षिप्त वर्णन कीजिए ?

ख नेता जी की मूर्ति का संक्षिप्त चित्रण कीजिए।

ग 'माता का अँचल' पाठ में माता–पिता का बच्चे के प्रति जो वात्सल्य प्रकट हुआ है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

प्र0 5 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **(2X2 = 4)**

क सूरदास के पढ़े हुए पदों के आधार पर गोपियों का योग–साधना के प्रति दृष्टिकोण स्पष्ट कीजिए।

ख गोपियों को कृष्ण में ऐसे कौन–से परिवर्तन दिखाई दिए जिनके कारण वे अपना मन वापस पा लेने की बात कहती हैं ?

––0––